प्रादेशिक समाचार
10.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने झारखंड और पश्चिम बंगाल के लिए 4 हजार 474 करोड़ रुपये की दो बड़ी रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी, जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ी।

2. विधानसभा में कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हंगामा, विपक्ष के बहिष्कार के बीच श्रम नियोजन विभाग की 11 अरब 68 करोड़ रुपये की अनुदान मांग पारित।

3. राज्य के तीन विश्वविद्यालयों को मिले नए स्थायी कुलपति, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जारी किया आदेश, कहा– शैक्षणिक गुणवत्ता और नवाचार के नए आयाम स्थापित होंगे।

4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 मार्च को पुरुलिया–आनंद विहार एक्सप्रेस का करेंगे उद्‌घाटन, रांची–लोहरदगा और डालटनगंज को मिलेगा सीधा लाभ।

5. राज्य के मध्य और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा, मौसम विभाग ने कल भी कई जिलों में गरज के साथ छीटें पड़ने की जतायी आशंका।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के लिए दो महत्वपूर्ण मल्टी–ट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। 4,474 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 192 किलोमीटर की वृद्धि होगी। यह विस्तार इन दोनों राज्यों के 5 जिलों को कवर करेगा और इसे वर्ष 2030–31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इन परियोजनाओं में सैंथिया–पाकुड़ और सांतरागाछी–खड़गपुर के बीच चौथी रेल लाइन का निर्माण शामिल है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जल जीवन मिशन की अवधि को बढ़ाकर दिसंबर 2028 तक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब 8 लाख 69 हजार करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ हर ग्रामीण परिवार तक नल का जल पहुँचाया जाएगा।

******************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि इन रेलवे परियोजनाओं से 192 किलोमीटर नए रेल नेटवर्क का विस्तार होगा।
इससे दोनों राज्यों के पांच जिलों के लगभग 1 करोड़ से ज्यादा लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। इन परियोजनाओं से न केवल आम यात्रियों का आवागमन सुगम होगा, बल्कि माल परिवहन की क्षमता में भी भारी वृद्धि होगी।

******************

विधानसभा में आज कानून–व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। भोजनावकाश के बाद अनुदान मांग पर चर्चा की शुरुआत करते हुए विधायक जयराम महतो ने कटौती प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने नियोजन नीति के अभाव पर सरकार को घेरते हुए कहा कि लाखों युवा बेरोजगार हैं।
साउंड बाइट – जयराम महतो ऑन बजट ऊर्जा मित्र – 21 सेकेंड
इसके बाद विपक्ष के बहिष्कार के बीच, सदन ने विभाग के लिए 11 अरब 68 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष ने इसे युवाओं के रोजगार और कल्याण के लिए बड़ा कदम बताया।

******************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के तीन प्रमुख विश्वविद्यालयों में नए कुलपतियों की नियुक्ति कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. राजीव मनोहर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची का कुलपति नियुक्त किया गया है। वहीं, दिल्ली की डॉ. एला कुमार जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की नई कुलपति होंगी। इसके अलावा, नालंदा विश्वविद्यालय के प्रो. अभय कुमार सिंह झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, रांची की कमान संभालेंगे।

******************

केन्द्रीय कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2025–26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन का दूसरा अग्रिम अनुमान जारी कर दिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस बार रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की उम्मीद है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, खरीफ उत्पादन 1 हजार 741 और रबी उत्पादन 1 हजार 745 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले क्रमशः 2 दशमलव 8 प्रतिशत और 3 दशमलव प्रतिशत अधिक है।

******************

रांची और पुरुलिया के यात्रियों के लिए 14 मार्च से नई ट्रेन सेवा शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुरुलिया–आनंद विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने बताया कि यह नई साप्ताहिक ट्रेन रांची, लोहरदगा और डाल्टनगंज होते हुए उत्तर प्रदेश के वाराणसी, अयोध्या कैंट और लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण शहरों को दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से जोड़ेगी।

******************

प्रसार भारती ने मीडिया संस्थानों के लिए अपनी विशेष समाचार सेवा पीबी–एसएचएबीडी (शब्द) की मुफ्त पहुंच मार्च 2027 तक बढ़ा दी है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए 1500 से अधिक पत्रकारों के नेटवर्क से बिना लोगो वाले वीडियो, ऑडियो और टेक्स्ट समाचार सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मीडिया संस्थान इसका लाभ उठाने के लिए वेबसाइट पर मुफ्त पंजीकरण कर सकते हैं।

******************

गिरिडीह नगर भवन में आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। उपायुक्त राम निवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाली जल सहियाओं, महिला पत्रकारों और बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में देश–दुनिया का नाम रोशन कर रही हैं और समाज को नई दिशा दे रही हैं।

******************

जमशेदपुर पुलिस मुख्यालय में कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किसपोट्टा ने आगामी त्योहारों के लिए सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में ईद और रामनवमी को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया ताकि विधि–व्यवस्था बनी रहे।

******************

राज्य में मौसम ने करवट ली है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विशेषकर उत्तर–पूर्वी और मध्य जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

******************

बीसीसीआई ने आईसीसी टी–20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 131 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली विजेता टीम के 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहायक कर्मचारियों के बीच बांटा जाएगा।

********समाप्त*********